CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 6:12बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:36 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 15 अंक 226 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शुक्रवार, 1 मार्च 2024

प्लेन हाईजैक की कहानी की...पेज-3 पर

## उत्तरांचल दीप के संस्थापक वेद प्रकाश गुप्ता जी की 80वीं जयंती मनाई



**हल्द्वानी।** सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप द्वारा अपने संस्थापक संपादक स्व0 वेद प्रकाश गुप्ता की 80 वीं जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर प्रधान संपादक साकेत अग्रवाल ने कहा कि उत्तरांचल दीप परिवार स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा स्थापित की गई इस अमूल्य विरासत को संरक्षित करने के लिए समर्पित है मूल्य आधारित पत्रकारिता के क्षेत्र में नए मानकों को आगे बढ़ाने के हमारे संस्थापक के दृष्टिकोण को पूरे दिल से कायम रखता हैं। यह प्रतिबद्धता स्पष्ट है क्योंकि हम विचारों के आदान प्रदान के माध्यम से तालमेल को बढ़ावा देते हुए एक स्थिर मूल्य प्रणाली के साथ आधुनिक परिपेक्ष को सहजता से जोड़ते हैं। इस मौके पर प्रबंधक दीपक तिवारी, कमल शर्मा, रवि दुर्गापाल, राजेन्द्र गुर्रानी, नवनीत सिंह, चंदन भट्ट व उत्तरांचल दीप परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# सीएम योगी ने राज्यपाल से की मुलाकात

उत्तरांचल दीप
हमारे संवाददाता

यूपी में अगले एक दो दिनों में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें जानकारी दी।

दिल्ली में भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अगले एक दो दिनों में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक में सहयोगी दलों में सीट शेयरिंग तय होने के बाद मंत्रिमंडल विस्तार के कयास लगाए जा रहे हैं।



भाजपा यूपी में सहयोगी दलों ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा (एक सीट), अपना दल (दो सीट), निषाद पार्टी (एक सीट) और रालोद (दो सीट) को छह सीटें देने पर सहमत हो गई है। संभावित मंत्रिमंडल विस्तार में ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं, एनडीए में शामिल आरएलडी से भी मंत्री बनाए जाने की चर्चा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले शुक्रवार या शनिवार को सौ से अधिक उम्मीदवारों की सूची और 10 मार्च तक करीब 250 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएंगे। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक से पूर्व प्रधानमंत्री निवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की करीब छह घंटे तक चली बैठक में 21 राज्यों की 300 सीटों पर उम्मीदवारो का पैनल तैयार कर लिया गया है। इस बैठक में पंजाब, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में गठबंधन पर बातचीत तय होने तक उम्मीदवार घोषित नहीं करने का फैसला किया गया है।

## News कॉर्नर

### गुलदार पकड़ने को पिंजरा लगवाने की मांग की



**नैनीताल।** नगर में वनाधिकारी वन प्रभाग को व्यापार मंडल महिला उपाध्यक्ष ममता जोशी ने ज्ञापन सौंप कर तल्लीताल क्षेत्र के हरिनगर, कृष्णापुर, सिपाहीधारा, दुर्गापुर, आदि क्षेत्रों में आये दिन गुलदार के कारण दहशद का मौहाल को लेकर अवगत कराया है ममता ने ज्ञापन में बताया क उक्त क्षेत्र से आये दिन गुलदार द्वारा कुत्तों का शिकार किया जा रहा है। जिसको लेकर क्षेत्र में लोगों के अंदर भय का माहौल है जिस कारण आम जनमानस के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है। क्षेत्रवासियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उक्त क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगवाने की मांग की है। उनका कहना है कि भविष्य में गुलदार के कारण उक्त क्षेत्र के निवासियों के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हों सकें। क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा को लेकर उन्होंने विभाग से जल्द से जल्द पिंजरा लगाने की मांग की है।

शंभू बॉर्डर पर भारी भीड़

# रिटायर्ड फौजी, व्यापारी, अन्य राज्यों का किसानों को समर्थन

नई दिल्ली
एजेंसी

पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर एमएसपी खरीद के गारंटी कानून सहित अन्य मांगों को लेकर चल रहे किसान आंदोलन के 17 दिन पूरे हो गए हैं। देर रात्रि एफआईआर दर्ज होने के बाद पटियाला के राजिन्द्रा अस्पताल में डॉक्टरों के बोर्ड ने खनौरी बॉर्डर पर शहीद शुभकरण के शव का पोस्टमार्टम किया और बठिंडा के गांव बल्लो में किसानों द्वारा श्रद्धांजलि देकर अंतिम संस्कार किया गया।

इसके चलते वीरवार सारा दिन शंभू बॉर्डर पर गहमा-गहमी रही व भारी भीड़ पहुंची। इतना ही नहीं महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग भी केंद्र व हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। शंभू बॉर्डर पर ही वीरवार को रिटायर्ड फौजी, आढ़ती, व्यापारी व अन्य प्रदेशों से भी लोग पहुंचे। शुभकरण के अंतिम संस्कार के चलते शंभू बॉर्डर पर सुबह होने वाली मीटिंग देर शाम के लिए टाल दी गई



क्योंकि प्रमुख लीडरशिप बठिंडा में मौजूद रही। दिल्ली कूच का फैसला देर रात्रि तक घोषित होने की बात वहां पर मौजूद कुछ किसान नेता कह रहे हैं।

किसानों के परिवारों से पहुंची महिलाओं के जोश में कोई कमी नहीं दिखी अपने हाथों में माइक पकड़कर जहां केंद्र व हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करती दिखीं वहीं लोगों को जागरूक करने के लिए किसानों द्वारा मांगी जा रही एमएसपी व अन्य मांगों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी देती रहीं उनके इस संघर्ष में बच्चे भी नारेबाजी करते नजर आए। बॉर्डर पर ही दूध, लस्सी, खीर, लड्डू, दाल-रोटी के जगह-जगह लंगर चलते रहे ताकि हजारों की संख्या में पहुंचे लोग भूखे न रह सकें। शंभू बॉर्डर पर ही भिंडरावाला, अमृतपाल व दीप सिद्धू के पोस्टर भी लगाए गए हैं। इसके अलावा महिलाओं के रहने के लिए अलग से ट्राले को झोपड़ी में तबदील किया गया है। वहीं, नौजवान ट्रैक्टरों के आगे लगे स्टैंड पर बैठकर नारेबाजी करते दिखे और युवकों में जोश भरने का कार्य करते रहे।

# थोड़ी कहासुनी पर बाइक सवारों पर किया चाकू से हमला

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में बाइक से टकराने पर युवक का विरोध करना बाइक सवार दो युवकों को महंगा पड़ गया। आवेश में आकर युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर बाइक सवारों पर धारदार चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। कृष्ण कॉलोनी थाना ट्रांजिटकैंप निवासी हिमांशु कश्यप उर्फ जस्सी ने पुलिस को बताया कि 28 फरवरी की रात को वह अपने चचेरे भाई हरकेश के साथ अस्पताल में भर्ती पिता को देखकर वापस बाइक से लौट रहा था। तभी रास्ते में अचानक पुलिस की पेट्रोलियम गाड़ी को देखकर भाग रहा युवक बाइक से टकरा गया। बाइक गिरने के कारण दोनों लोग मामूली चोटिल हो गए और जब युवक से विरोध जताया। तो आवेश में आकर युवक ने अपने साथियों को बुलाया और धारदार चाकू व लोहे के कड़ों से हमला शुरू कर दिया। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि अस्पताल में उपचार कराने के बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल रिपोर्ट दर्ज नहीं हो सकी।

## नशेड़ी ने पत्नी का गला दबाकर मारने का किया प्रयास

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप की एक विवाहिता ने अपने पति पर नशे की हालत में गला दबाकर मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नारायण कॉलोनी निवासी एक महिला ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी कर अपनी जीविका चलाती है। उसका आरोप था कि उसका पति अक्सर नशा कर घर में झगड़ा करता रहता है। 28 फरवरी की रात पति नशे की हालत में घर पहुंचा और बेवजह बच्चों से हाथापाई करने लगा। जब विरोध किया,तो उस के साथ भी मारपीट करते हुए गला दबाकर मारने की कोशिश की। दम घुटने पर बच्चों की चीख पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर आए। पीड़िता ने पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थाना पुलिस को तहरीर सौंपी। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 70 में से मात्र 11 रह गयी ब्रिटिशकालीन पैडल रिक्शा

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर में जल्द ही पैडल रिक्शा पूरी तरह से बंद होने वाले हैं। ब्रिटिश समय से चल रहे पैडल रिक्शा की संख्या 70 में से वर्तमान में मात्र 11 ही रह गयी है।

पालिका सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नैनीताल में कुल 39 ई-रिक्शा चलाने की अनुमति दी गई है। वर्तमान समय में 25 ई- रिक्शा चलाये जा रहे हैं। चार्जिग की व्यवस्था न होने के कारण 14 ई- रिक्शा नहीं लाये गए हैं जिस कारण 11 पैडल रिक्शा अभी भी चलाये जा रहे थे जबकि शेष 69 पैडल रिक्शा को कबाड़ में तब्दील कर दिया गया है। जिसके बाद अब नैनीताल में केवल ई- रिक्शा ही चलाये जाएँगे। बता दें कि बहुत समय



ई -रिक्शा चार्जिंग के लिए जगह नहीं मिल रही थी,जिस कारण रिक्शा यूनियन की ओर से ई रिक्शा नहीं लाये गए थे,अब पालिका की ओर से डीएसए मैदान के पास ई- रिक्शा चार्जिंग प्वाइंट बनाया गया है, जिसकी पुष्टि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने भी की है।

# हटाए गए उपनल कर्मचारियों को फिर से रखे जाने के निर्देश

देहरादून
हमारे संवाददाता

मानदेय बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर उपनल कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार किया था। इसके बाद उनका 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ा दिया गया है, जबकि अब बिना किसी वजह के हटाए गए कर्मचारियों को रखे जाने का आदेश किया गया है।

शासन ने उपनल कर्मचारियों का 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ाने के बाद अब हटाए गए उपनल कर्मचारियों को एक महीने के भीतर फिर से रखे जाने के निर्देश दिए हैं। सचिव दीपेंद्र कुमार चौधरी की ओर से जारी निर्देश में कहा गया कि यदि उपनल कर्मचारी कदाचार, अनुशासनहीनता, अयोग्यता के दोषी नहीं हैं, तो उन्हें फिर से रखा जाए। प्रदेश में 25 हजार उपनल कर्मचारी हैं।

कर्मचारियों ने हाल ही में मानदेय बढ़ाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर




कार्य बहिष्कार किया था। कर्मचारियों के इस आंदोलन के बाद उनका 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ा दिया गया है, जबकि अब बिना किसी वजह के हटाए गए कर्मचारियों को रखे जाने का आदेश किया गया है।

सचिव सैनिक कल्याण ने कहा, यह संज्ञान में आया है कि कुछ विभागों में उपनल के माध्यम से रखे गए कर्मचारियों को बिना समुचित कारण के हटाया जा रहा है।

कहा, जिन कर्मचारियों को हटाया गया है, उनके फिर से आवेदन करने पर उन्हें एक महीने के भीतर रखा जाए। इन कर्मचारियों को रखे जाने की सभी जिम्मेदारी विभाग एवं संबंधित नियुक्त अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष की होगी। शासन ने इस संबंध में प्रबंध निदेशक पूर्व सैनिक निगम, सभी विभागाध्यक्ष, दोनों मंडल आयुक्त और सभी सचिव एवं प्रभारी सचिव को पत्र लिखा है।

# रोडवेज को राजकीय परिवहन घोषित करने को सीएम से मिलेंगे

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ की कुमाऊं क्षेत्र की बैठक में पर्वतीय रूटों पर बस सेवाएं बंद होने पर चिंता जताई गई।

इस दौरान रोडवेज कर्मचारियों ने सरकार से चारधाम यात्रा से पहले निगम में 500 बसों के लिए धनराशि स्वीकृत करने, निगम में कार्यरत संविदा विशेष श्रेणी के चालक-परिचालकों व कार्यशाला कर्मियों को नियमित किये जाने, पर्वतीय मार्गों के लिए छोटी बसें उपलब्ध कराने, रोडवेज वर्कशॉपों में स्पेयर पार्ट्स व टायरों की आपूर्ति करने, निगम में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार की जांच कराने, रोडवेज को राजकीय परिवहन घोषित करने जैसी मांगें उठाई।

साथ ही तय किया गया है कि मांगों को लेकर जल्द मुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी। इस मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए उमेश जोशी का स्वागत किया गया। बैठक में वक्ताओं ने बताया कि मार्च माह में कुमाऊं क्षेत्र के डिपो की नयी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन परिसर स्थित संघ के कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने की व संचालन क्षेत्रीय मंत्री रामप्रीत यादव ने किया। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री बालकृष्ण शर्मा, प्रदेश महामंत्री बीएम सुयाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लीला बोरा, नवनीत कपिल, संजय शर्मा, प्रेम दुम्का, भुवन शर्मा, सीमा सिंह, लक्ष्मण रजवार, मीना जोशी, ललित पांडे, रूप सिंह, धर्मवीर सिंह, महेश दफौटी, तारा जोशी, नवीन सिंह नेगी समेत रानीखेत, अल्मोड़ा, काशीपुर, रामनगर, काठगोदाम, रूद्रपुर डिपो से आए कर्मचारी मौजूद थे।



**बैठक**

● उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ की कुमाऊं क्षेत्र की बैठक में उठे तमाम मुद्दे

## खुले में शराब पीने वाले 11 लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल।** नगर की तल्लीताल पुलिस ने थाना क्षेत्र में शामिल गांवों में गश्त कर 11 लोगों के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम प्रधानों व ग्राम प्रहरियों को क्षेत्र की गतिविधियों में नजर रखने और असामाजिक गतिविधियों की जानकारी पुलिस को देने को भी कहा है। बता दें कि पिछले कुछ समय से तल्लीताल पुलिस शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी गश्त कर लोगों से संवाद कर रही है, इससे गांवों में रह रहे अराजक तत्वों में भय व लोगों में सुरक्षा की भावना जगी है।

पुलिस ने देवीधूरा, बेलुवाखान, बेल, नाईसिला व बोहरागांव ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त कर चुकी है। गश्त के दौरान सार्वजनिक स्थानों में शराब पार्टी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के साथ पुलिस ने ग्रामीणों को आपराधिक गतिविधियों की पुलिस को सूचना देने की अपील की है। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने बताया कि बुधवार की शाम ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क किनारे शराब पीने वाले 11 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।



# लंबे समय से संविदा में कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग उठाई, ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में महासंघ के पदाधिकारियों ने गुरुवार को निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी को ज्ञापन देकर लंबे समय से संविदा में कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग उठाई। इस मौके पर गुरुरानी ने कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा नियमितीकरण में लगी रोक को हटाते हुए सरकार से विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए कहा है। निगम में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण करने हेतु निवेदन किया गया। इस संबंध में प्रबंध निदेशक डा. संदीप तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा नियमितीकरण नियमावली बनने के बाद ही रिक्त पदों पर नियमितीकरण की कार्यवाही की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन चंदोला समेत उपाध्यक्ष पीतांबर दुमका व नरेंद्र थापा उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राजकीय पालीटेक्निक के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम के तहत चौथे दिन यानी गुरवार को स्वयंसेवियों ने दिन की शुरुआत लक्ष्य गीत के साथ की।

कार्यक्रम में स्वयं सेवियों ने ग्रामों में सर्वेक्षण अभियान चलाया। इस सर्वेक्षण में स्वयं सेवियों द्वारा ग्रामीणों से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई तथा उन्हें बिन्दुवार तरीके से संकलित किया गया साथ ही स्वयंसेवियों ने नुक्कड नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान देने के लिए जागरुक किया। कार्यक्रम का संचालन रंजना रावत तथा कविता नेगी द्वारा किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों के साथ रजनीश भूटानी, बद्री, राधिका तथा दीपशंकर भी उपस्थित रहे।




## NEWS / फटाफट

### सहायक लेखाधिकारी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के सहायक लेखाधिकारी एस.एस. किरौला गुरवार को सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृति के मौके पर डीएसबी परिसर प्रशासन की ओर से उन्हें विदाई दी गयी। इस विशेष मौके पर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा शॉल ओढाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर उनकी सेवा के प्रति धन्यवाद दिया गया। इस मौके पर परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कहा कि किरौला ने सत्यनिष्ठा के साथ ही परिसर में सरलता से कार्य किया, उन्होंने उनके उत्तम स्वास्थ की कामना की। कहा कि उनकी सेवाओं को हमेशा याद किया किया जाएगा। 30 से अधिक वर्षों की सेवा पर प्रो ललित तिवारी निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर ने कहा की किरौला बहुत सरल व्यक्ति है तथा डीएसबी से पड़ने के बाद खेलो से भी उनकी विशेष रुचि रही। डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत ने भी उनके कार्यों के सयाहना की। समारोह में प्रो. चंद्र कला रावत, डॉ. गगनदीप होठी,डॉ.अशोक कुमार, डॉ. मोहन लाल, डॉ. संतोष कुमार समेत नंदा बल्लभ पालीवाल, पीसी गुरुरानी, गजेंद्र, देव सिंह, नासिर,दिनेश तथा कुंदन आदि उपस्थित रहे।

### कालाढूंगी के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया

**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कालाढूंगी ने सेवा सप्ताह के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाढूंगी के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान में नगर संघ चालक घनश्याम सिंह बोरा समेत नगर कार्यवाह कमलेश कन्याल,डॉ योगेंद्र कार्की, प्रकाश बहुखंडी, जगत सिंह, गणेश बिष्ट, लेकराज सिंह, दीपक अधिकारी, राकेश भंडारी,दिवान सिंह बिष्ट, भैरव सत्यवली व कमल जोशी आदि लोगो शामिल रहे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# क्षमता संवर्धन नामक दो दिवसीय कार्यशाला समापन



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

गुरुजनों को वैश्विक शिक्षा व शैक्षणिक तकनीक को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के चहुमुखी विकास में अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करना होगा।

बता दें कि नगर के प्रतिष्ठित बिड़ला विद्या मंदिर में सीबीएसई के तत्वावधान में समावेशी शिक्षा पर आधारित क्षमता संवर्धन नामक दो दिवसीय कार्यशाला में गुरवार को समापन मौके पर यह विचार उभरकर सामने आए। बिड़ला विद्या मंदिर में आयोजित कार्यशाला में शिक्षण क्षमता की गुणवत्ता को लेकर विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में जिले के विद्यालयों के 50 शिक्षक शामिल हुए जबकि देहरादून की विशेषज्ञ गीता शुक्ला ने अत्याधुनिक शिक्षा की जानकारी दी,उन्होंने वैश्विक दौर में शिक्षण कार्य में आए परिवर्तन में खुद को ढालने पर बल दिया गया जबकि गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामनगर के प्रधानाचार्य हिमांशु जोशी ने तकनीकी प्रशिक्षण दिया।

विद्यार्थियों के मानसिक स्तर में बदलाव लेन का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के अंत में बिड़ला विद्या मंदिर प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने सभी गुरुजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नैनीताल के अलावा रामनगर, भीमताल, हल्द्वानी,लालकुआं, कालाढूंगी व नौकुचियाताल के शिक्षक मौजूद रहे। संचालन दीपक पांडे ने किया।

# दीक्षा को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से किया सम्मानित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

देश में वैज्ञानिक प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 8-9 फरवरी को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी में यूकॉस्ट द्वारा 18वीं उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूएसएसटीसी) का आयोजन किया गया था। जिस में गौलापार निवासी और वर्तमान में एनआईटी श्रीनगर उत्तराखंड की शोधार्थी दीक्षा दुम्का को गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कराए हेतु युवा वैज्ञानिक पुरस्कार हेतु चयनित किया जिसके बाद आज उत्तराखंड के राज्यपाल ने उन्हे इस सम्मान से सम्मानित किया। दीक्षा का चयन पूरे देश भर से आमंत्रित शोध कार्यों में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों में से स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा सभी के शोध पत्र प्रस्तुतिकरण और



साक्षात्कार के उपरांत चयनित किया गया। वह अपनी पर्यवेक्षक डॉ. कुसुम शर्मा, अपने गुरु डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह पडियार की निरंतर प्रेरणा और मार्गदर्शन के लिए आभारी है। साथ ही, उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुओं, परिवार के सदस्यों को दिया उन्होंने बताया की इन सभी के सहयोग और मार्गदर्शन के बिना कुछ भी उपलब्धियां संभव नही है। दीक्षा की इस उपलब्धि के उनके क्षेत्र में खुशी की लहर है और शिक्षा जगत से अनेक विशिष्ट जनों ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हे शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी

# अभिमत

## तरीका बदलें अफसर

*उत्तराखंड की बदहाली के लिए नौकरशाही जिम्मेदार है, इस सच को स्वीकार करने के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की प्रशंसा की जानी चाहिए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कलेक्टरों और वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से उत्तराखंड में करोड़ों रुपये के काम लटके हुए हैं। यदि ये काम तेजी से होते तो प्रदेश के लोगों के जीवन की राह आसान होती। उन्होंने चेतावनी दी कि नौकरशाही ने जल्द ही कार्यप्रणाली नहीं सुधारी तो लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई की जायेगी। लापरवाह अफसरों के नामों की सूची केन्द्रीय मंत्री के पास पहुंच गई है। अफसरों ने काम करने का तरीका नहीं बदला तो उनके नाम सार्वजनिक किये जायेंगे।*

उत्तराखंड में विकास कार्य का दावा करते हुए नेता नहीं थकते हैं, जबकि असली तस्वीर कुछ अलग ही है। उत्तराखंड की बदहाली के लिए नौकरशाही जिम्मेदार है, इस सच को स्वीकार करने के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की प्रशंसा की जानी चाहिए। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कलेक्टरों और वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से उत्तराखंड में करोड़ों रुपये के काम लटके हुए हैं। यदि ये काम तेजी से होते तो प्रदेश के लोगों के जीवन की राह आसान होती। उन्होंने चेतावनी दी कि नौकरशाही ने जल्द ही कार्यप्रणाली नहीं सुधारी तो लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई की जायेगी। लापरवाह अफसरों के नामों की सूची केन्द्रीय मंत्री के पास पहुंच गई है। अफसरों ने काम करने का तरीका नहीं बदला तो उनके नाम सार्वजनिक किये जायेंगे। केन्द्रीय मंत्री ने उत्तराखंड में हजारों करोड़ रुपये से बन रहे हाईवे की मॉनिटरिंग सौंपकर परोक्ष रूप से मुख्यमंत्री को भी घेर लिया। उत्तराखंड में केन्द्रीय मंत्री ने सात हाईवे का शिलान्यास किया है। इससे जाहिर होता है कि केन्द्र सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए गंभीर है। केन्द्रीय मंत्री गडकरी जमीनी स्तर पर काम करने वाले हैं। उन्होंने यह कहकर चौंका दिया कि उत्तराखंड में 10 हजार करोड़ रुपये के काम केवल वन और पर्यावरण क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण रुके हुए हैं। यह बात सही है। वन विभाग के अधिकारी सड़क चौड़ीकरण के लिए तो पेड़ काटने नहीं देते हैं और दूसरी तरफ वन माफिया से मिलकर जंगल से सैकड़ों पेड़ काट दिये जाते हैं। पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत और वन विभाग के अफसरों के खिलाफ जांच हो रही है। प्रवर्तन निदेशालय ने छापे मारे हैं। इस बीच मीडिया में यह भी चर्चा हुई कि दर्जनभर से अधिक अफसर प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर हैं। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने यही बात कही है कि लापरवाह अफसरों की सूची उनके पास पहुंच चुकी है। केन्द्रीय मंत्री को उन अधिकारियों के नाम का खुलासा करते हुए जांच कराकर सलाखों के पीछे पहुंचाना चाहिए। राज्य में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो, अफसरशाही हावी रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने सार्वजनिक रूप से मजबूरी जाहिर करते हुए कहा था कि अफसर उनके आदेश को जलेबी की तरह फाइलों में घुमा देते हैं। ऐसा कहकर मंत्री अपने दायित्व से नहीं बच सकते। ऐसे नेता को वोट देकर सरकार में मौज करने के लिए क्यों भेजा जायेगा? केन्द्रीय मंत्री गडकरी जैसा नेता चाहिए, जो अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की खुले मंच से चेतावनी दे सके। उत्तराखंड के अफसरों के साथ अब राज्य सरकार को भी जमीन पर उतर कर कार्य करना होगा, अन्यथा जनता सबक सिखाने से नहीं चूकेगी।

# वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को लेकर बैठक आयोजित

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सहायक आयुक्त राज्य कर अभिषेक सिंह हयांकी द्वारा जीएसटी वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को लेकर नगर के व्यापार मंडल और होटल और रेस्टोरेंट समिति और टैक्स बार एसोसिएशन के साथ बैठक कर गहन मंथन किया।

बैठक में बताया गया कि वन टाइम सेटलमेंट स्कीम 2023-24 के संबंध में और भारी मात्रा में पुराना बकाया और वेट बकाया वसूली हेतु विभाग द्वारा अभियान चलाया गया है। संबंध में एक सूची व्यापार मंडल को उपलब्ध करायी गई है। विभाग द्वारा व्यापार मंडल से संबंधित नामों को सूची अनुसार बात करके आग्रह किया कि इस स्कीम का लाभ उठाते हुऐ वह आगे आये और और मूल टैक्स की अदायगी कर बाकी दंड माफ है तो इसका लाभ उठाये और पुराना बकाया सेटल कर लें। विभाग द्वारा अन्यथा सूची को समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के आदेश प्राप्त हुए हैं। आगे जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 79 के अन्तर्गत वसूली और धारा 39 के अन्तर्गत जीएसटीआर 3बी नोन फ इलिंग और अन्य नये प्रावधानों में विचार आदान प्रदान और सुझाव प्राप्त करने के लिए वार्ता की गई। बैठक में माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन, सचिव शिव शंकर मजूमदार, कोर कमेटी सदस्य विस्वादीप टंडन, नैनीताल होटल एसोसिएशन के महासचिव वेद साह,तल्लीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मारुति नंदन साह तथा महासचिव अमनदीप सिंह उर्फ सनी समेत अन्य संबंधित संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।



## पुलिस के पास पहुंची महिला, पति पर जान से मारने के प्रयास का आरोप

**रुद्रपुर।** कोतवाली पुलिस ने एक महिला की तहरीर पति पर मारपीट कर जान से मारने के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के मुताबिक प्रीत विहार फाजलपुर महरोला रूद्रपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि पति हानिब उर्फ शाहीद आये दिन उसके साथ मारपीट कर तरह- तरह से अत्याचार करता है। खर्च के लिए भी पैसा नहीं देता। उसके 4 बच्चे है वह मजदूरी कर बच्चों का भरण-पोषण करती है। आरोप है कि उसमें से भी रुपए छीन लेता। जान से मारने की धमकी देता।

19 फरवरी 24 पति ने उसे जान से मारने की नियत से गला दबा दिया और चाकू से जान लेवा हमला कर दिया । उसके चोटें आईं। बाद में अधमरा कर भाग गया। किसी तरह वह अस्पताल पहुंची और इलाज कराया। पति काशीपुर का निवासी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कुमाऊं विवि में बौद्धिक संपदा विषय पर कार्यक्रम

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



कुमाऊं विवि के डीसबी परिसर में गुरुवार को इनोवेशन तथा इनक्यूबेशन सेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो. ललित तिवारी ने बौद्धिक संपदा विषय पर व्याखान दिया।

इस मौके पर प्रो. तिवारी ने कहा कि मनुष्य के मस्तिष्क में 10 बिलियन न्यूरॉन तथा 20 प्रतिशत ऑक्सीजन प्रयोग करते हैं। कहा कि 25 प्रतिशत ग्लूकोज, 20 प्रतिशत एनर्जी तथा 70 हजार विचार प्रतिदिन आते हैं। कहा कि 2.5 गीगाबाइट डाटा स्टोर होते हैं।

बौद्धिक संपदा अधिकार में कॉपी राइट एट्रेडमार्क,पेटेंट एइंडस्ट्रियल डिजाइन तथा ज्योग्राफिकल इंडिकेशन, लेआउट डिजाइन, ट्रेड सीक्रेट एवम प्रोटेक्शन ऑफ प्लांट वेरेटी आता है। कॉपी राइट जीवन प्लस 60 वर्ष के लिए, पेटेंट 20 वर्षो के लिए तो बाकी दस वर्षो के लिए होता है जिससे आगे बढ़ाना होता है । सभी में पंजीकरण कराना होता है। प्रो.तिवारी ने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार बुद्धि के सफल प्रयोग हेतु तथा वर्तमान समय में आथिक उन्नति के लिए जरूरी है। प्रो. तिवारी ने प्लैगरिस्म सहित आईपी ऑफिस की पूर्ण जानकारी दी तथा कहा कि यह टेरिटोरियल राइट है जो हमें अपने अधिकारी की रक्षा कराते हैं। प्रो. तिवारी ने कई रोचक उदाहरण भी प्रस्तुत किए कि सफलता का राज बौद्धिक संपदा अधिकार है।

उन्होंने गेट समझौता तथा ट्रिप्स व विपो की जानकारी भी दी । प्रो. ललित तिवारी को इस अवसर पर जरबेरा का पौधा भेंट किया गया। इससे पूर्व प्रो. आशीष तिवारी निदेशक आईआईसी ने प्रो तिवारी का परिचय कराया जबकि डॉ. पैनी जोशी उपनिदेशक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर डॉ. नंदन मेहरा,डॉ. इकराम जीत सिंह मान, डॉ. बिजेंद्र,डॉ. नवीन पांडे, डॉ. सारिका वर्मा, डॉ. रिचा गिनवाल, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. दलीप ,डॉ. अंचल अनेजा सहित केमिस्ट्री, फिजिकल एजुकेशन के स्टूडेंट सहित लक्षिता तथा कृषि सहित 120 विद्यार्थी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि वर्मा ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## प्लेन हाईजैक की कहानी की ट्रेलर भी हवा में दिखाया



*निर्माता करण जौहर अपनी आगामी फिल्म योद्धा को इन दोनों खूब जमकर प्रमोट कर रहे है। पिछले दिनों करण जौहर ने फिल्म योद्धा का पोस्टर 13,000 फीट की ऊंचाई पर लॉन्च करके इतिहास रच दिया। वहीं इस फिल्म का ट्रेलर गुरुवार को फ्लाइट में लॉन्च किया। दरअसल, फिल्म योद्धा के ट्रेलर लॉन्च का आयोजन गुरुवार को अहमदाबाद में रखा गया। मुंबई से पत्रकारों को लेकर अहमदाबाद ले जाया गया। मुंबई से जब अहमदाबाद के लिए फ्लाइट उड़ान भरी तो फ्लाइट के अंदर फिल्म का ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया। यह पहला मौका है जब किसी हिंदी फिल्म का ट्रेलर फ्लाइट में लॉन्च किया गया। दरअसल, फिल्म की कहानी एक प्लेन हाईजैक पर आधारित है। इसलिए फिल्म की मार्केटिंग टीम ने फिल्म का ट्रेलर फ्लाइट में लॉन्च करने का सुझाव दिया। मुंबई से अहमदाबाद के लिए चार्टेड प्लेन से पत्रकारों के साथ करण जौहर, सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना, दिशा पटानी, अपूर्व मेहता और शशांक खेतान भी यात्रा कर रहे थे। ट्रेलर लॉन्च के बाद फ्लाइट में ही करण जौहर, सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पटानी ने पत्रकारों फिल्म के ट्रेलर के बारे प्रतिक्रिया जानी।*

### मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

*फ्लाइट में ट्रेलर लॉन्च के बाद फिल्म का ट्रेलर एक बार फिर अहमदाबाद के एक थियेटर में स्थानीय मीडिया के साथ मुंबई से आए मीडिया कर्मियों को दिखाया गया। फिल्म के ट्रेलर से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया से सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना, दिशा पटानी काफी उत्साहित दिखे। सिद्धार्थ मल्होत्रा ने कहा, देश प्रेम किसी भी काम से बढ़कर है। हमने देखा है कि हमारे देश के जो लोग दूसरे देशों में रहते हैं वहां बहुत ही अनुशासित तरीके से रहते है, लेकिन अपने देश में अनुशासित तरीके से नहीं रहते हैं।*

# नैनीताल में नमो युवा चौपाल 400 पे चर्चा का कार्यक्रम

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

भारतीय जनता युवा मोर्चा नैनीताल के नेतृत्व में नमो युवा चौपाल 400 पे चर्चा का कार्यक्रम हुआ जिसमें भारतीय जनता पार्टी की चल रही अनेकों योजनाओं को युवाओं तक पहुंचाया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कार्तिक हरबोल युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नैनीताल रहे।

उन्होंने बताया कि यह पहला कार्यक्रम है शहर और गांव को मिलाकर 20 और आयोजित होने हैं। युवा मोर्चा का मिशन हर घर तक मोदी की योजनाओं को पहुंचाना है। इस कार्यक्रम में मंडल प्रभारी युवा मोर्चा नवीन पपोला, विधान सभा विस्तारक डा. मोहित रौतेला, मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा आशु उपाध्याय, महामंत्री युवा मोर्चा रितुल ,वरिष्ठ नेता अरविंद सिंह पडियार, विमला अधिकारी, मनोज पवार, विक्रम राठौर, गजाला कमाल, सागर आर्या, संतोष कुमार ,सरोज आर्या, रोहित भाटिया,सलमान जाफरी, के. एल. आर्या, नवनीत नेगी,रोहित रौतेला, दिव्यांशु जोशी, मुकेश महेरा, अजय, कुनाल, नितिन, प्रशांत, वासु, गौरव हार्पर, कुनाल वेदी, हर्ष वेदी, अरुण कुमार तथा अभिषेक आदि मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## शराब के साथ दो पकड़े

**हल्द्वानी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 104 पव्वे शराब के बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मंडी चौकी पुलिस ने चैकिंग के दौरान तीनपानी बाईपास स्थित फायर स्टेशन के पास खुलआम शराब बेच रहे एक युवक को धर दबोचा। उसके पास मिले थैले की तलाशी लेने पर उसमें से 52 पव्वे देशी शराब बरामद हुई। पकड़ा गया युवक सचिन राजपूत पुत्र राजू राजपूत निवासी मोरारजी नगर धानमिल बरेली रोड का रहने वाला है। वहीं भोटियापड़ा चौकी पुलिस ने वैलेजली लॉज के पास अरूण सागर पुत्र स्व. जगदीश सागर निवासी वैलेजली लॉज हल्द्वानी को 46 पव्वे देशी शराब और 6 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# हल्द्वानी हिंसा के वांटेड अब्दुल को दिल्ली से किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

मलिक का बगीचा क्षेत्र में आठ फरवरी को हुई हिंसा के आखिरी वांटेड अब्दुल मोईद को गुरुवार की सुबह तड़के ही पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। पांच राज्यों की दौड़ लगाकर इंतजार में बैठी पुलिस को हिंसा के 21 दिन बाद सफलता मिली। गुरुवार की देर रात अब्दुल मोईद को कोर्ट में पेश कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

मलिक का बगीचा स्थित नजूल भूमि पर कब्जा कर बनाए गए अवैध मदरसा और धार्मिक स्थल के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आठ फरवरी को की गई थी। इस दौरान वनभूलपुरा क्षेत्र में हिंसा भड़क गई और पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों व फोर्स पर उपद्रवियों ने पथराव कर पेट्रोल बम से जानलेवा हमला भी किया। मामले में नामजद लाइन नंबर-8 आजाद नगर



निवासी अब्दुल मोईद पर हिंसा भड़काने के आरोप के साथ-साथ यूएपीए भी लगा है। घटना के बाद से ही मोईद फरार चल रहा था। उसकी तलाश में पुलिस की छह टीमें दिल्ली, यूपी, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब और हिमांचल प्रदेश की खाक छानती रहीं। जिस भी राज्य में मोईद ठहरा वहां उसने अपने पिता अब्दुल मलिक और अपने दोस्तों के संपर्कों का इस्तेमाल किया। वहीं अपने अड्डे भी मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में बनाए थे। गुरुवार की सुबह तड़के ही नैनीताल पुलिस व एसओजी की टीम ने दिल्ली से मोईद को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को ही उसे पुलिस टीम हल्द्वानी लेकर पहुंची। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं अब्दुल मलिक से पूछताछ पूरी होने के बाद अब्दुल मोईद की रिमांड के लिए कोर्ट में अर्जी लगाई जाएगी। एसएसपी ने बताया कि अब्दुल मोईद को गिरफ्तार करने वाली टीम को डीआईजी की ओर से 5000 और एसएसपी की ओर से 2500 रुपये इनाम की घोषणा की गई है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तहत दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के तहत जिला विज्ञान क्लब एवं स्कूल इन्नोवेशन कौंसिल के मार्गदर्शन में दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ।

बता दें कि पीएमश्री अउराईका हल्दूचौड़ में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर द्वारा किया गया। इस दौरान इंस्पायर अवार्ड विजेता बाल वैज्ञानिक एवं रेडक्रास क्लब प्रभारी वैशाली जोशी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए नए विचार देने को प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल पुरुस्कार प्राप्त गाइड प्रियंका जोशी द्वारा किया गया। परीक्षाओं के चलते एक सत्र ऑनलाइन भी आयोजित किया गया। विज्ञान दिवस कार्यक्रमों के तहत आयोजित चित्रकला में हिमांशु रावत ने प्रथम, हर्षित ने द्वितीय तथा योग्यता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि तात्कालिक आशु भाषण में हर्षित रावत, प्रियांशु दीगारी एवं हर्षित पपनै का संबोधन सराहनीय रहा। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक के रूप में जिला समन्वयक डॉ. हिमांशु पांडे ने बताया कि इस वर्ष नया सत्र शुरू होते ही इंस्पायर गतिविधियों के प्रोत्साहन हेतु ऐसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समस्त प्रतिभागियों ने महान भारतीय वैज्ञानिक सी वी रमन को याद करते हुआ वैज्ञानिक चिंतन के विकास का संकल्प लिया। इस दौरान जूनियर रेडक्रास क्लब के पदाधिकारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। आयोजन में शिक्षकों मीनाक्षी जोशी, कल्पना पांडे, सोनी जोशी तथा गिरीश शर्मा आदि ने सहयोग किया।

# नशे में धुत पर्यटक दौड़ाता रहा वाहन, टोल कर्मियों से विवाद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के तल्लीताल से माल रोड की ओर शराब के नशे में धुत पर्यटक अनियंत्रित गति से वाहन दौड़ाता रहा। इस बीच उसका टोल कर्मियों से शुल्क देने को लेकर विवाद भी हुआ। राहगीरों ने पर्यटक के वाहन को रोक पुलिस को शिकायत की, मगर शिकायत के बाद भी पुलिस समय से नहीं पहुंची। नतीजतन पर्यटक वाहन लेकर फ रार हो गया। जानकारी के मुताबिक गुरूवार को दोपहर तल्लीताल की ओर से एचआर नंबर का पर्यटक वाहन तेज गति से तल्लीताल लेक ब्रिंज चुंगी पर पहुंचा। चुंगी कर्मियों ने चालक से शुल्क मांगा तो उसने वाहन भगा दिया। करीब दस मिनट बाद पर्यटक माल रोड से वाहन घुमाकर दोबारा लेकब्रिज चुंगी पहुंच गया। चुंगी कर्मियों व राहगीरों ने उसके वाहन को रोक लिया। दोबारा शुल्क मांगने पर पर्यटक नशे में धुत मिला। इस दौरान वह बात तक नहीं कर पा रहा था। लोगों ने तत्काल इसकी शिकायत तल्लीताल पुलिस से की। मगर दस मिनट गुजरने के बाद भी कोई पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि सूचना मिलने के तुरंत बाद डांठ में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी को मौके पर भेजा गया था, साथ ही संबंधित वाहन के संबंध में डीसीआर में भी सूचना प्रेषित कर दी गई थी।

## चाकू समेत युवक दबोचा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने एक युवक को चैकिंग के दौरान एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस मंडी क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लोनिवि गोदाम के पास संदिग्ध हालत में खड़ा युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची ने उसे धर दबोचा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से चाकू बरामद हुआ।

पकड़े गए युवक ने अपना नाम सुलेमान निवासी इंदिरा नगर बड़ी रोड थाना बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# श्री गोलज्यू संदेश यात्रा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

अपनी धरोहर संस्था द्वारा आयोजित 18 अप्रैल से प्रारंभ होने वाली श्री गोलज्यू संदेश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा को लेकर आज सभी जिला संयोजकों व मार्गदर्शक मंडल की बैठक संस्था के कार्यालय नैनीताल रोड़ में संपन्न हुई।

बैठक के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष विजय भट्ट ने बताया कि यात्रा चंपावत से प्रारंभ होकर चंपावत मूल स्थान में ही संपन्न होगी। 18अप्रैल 2024 को प्रात: पूजा प्रारंभ होगी और यात्रा की रवानगी होगी।

यात्रा नेपाल के साथ समस्त उत्तराखंड में यात्रा निकाली जायेगी। यात्रा में चंपावत मंदिर से 2 पुजारीगण ,मंदिर समिति अध्यक्ष और 2 डांगरिए




रहेंगे जो यात्रा में मंदिरों में पूजा संपन्न कराएंगे। संपूर्ण यात्रा का नेतृत्व संस्था अध्यक्ष करेंगे। यात्रा के संयोजक मोहनराम रहेंगे। बैठक में साकेत अग्रवाल,अमरनाथ जोशी, दिवाकर पांडेय,चंदन सिंह किरोला, शंकर दत्त पांडेय,मनोहर नेगी, भगवान सिंह मेहता,भुवन चंद्र कांडपाल, धर्मेंद्र चंद,माधवानंद जोशी, मनोज कन्याल,योगेश जोशी, मीडिया प्रभारी रवि दुर्गापाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# शाकिर को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच नगर का अध्यक्ष नियुक्त किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच नैनीताल के जिलाध्यक्ष गणेश सिहं बिष्ट ने, वर्ष 1988 से पृथक उत्तराखंड राज्य आंदोलन में सक्रिय रूप से राज्य आंदोलन में भागीदारी करने वाले राज्य आंदोलनकारी शाकिर अली को उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच नैनीताल नगर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर नवनियुक्त नगर अध्यक्ष शाकिर अली ने कहा कि वर्ष 1988 से वह राज्य आंदोलन तथा विभिन्न संगठनों के माध्यम पहाड़ के ज्वलंत मुद्दो को लेकर आंदोलनरत रहे है, और जो दायित्व आज उनको उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच



नैनीताल के अध्यक्ष के रूप में मिला है, उसको वह पूरी निष्ठा से निभायगे। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के नगर अध्यक्ष का दायित्व मिलने पर नैनीताल नगर के राज्य आंदोलनकारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश जोशी, मंटु कंचन चंदोला, इंदर सिहं नेगी, पान सिह सिजवाली, मनमोहन सिंह कनवाल , महेश जोशी, असीम बख्श, लीला बोरा, हरीश वारियाल, मुकुल जोशी, वीरेंद्र जोशी, नरेंद्र सिह करायत, बिशन सिह मेहता, मुनीर आलम सिद्दीकी, हरेन्द्र सिंह, लक्ष्मी नारायण, हरीश जोशी, पान सिहं रौतेला, आदि राज्य आंदोलनकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## ट्रांजिट कैंप पुलिस ने 10.25 ग्राम स्मैक समेत तस्कर दबोचा

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने चैकिंग के दौरान बाईक सवार नशे का सौदागर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्मैक बरामद की। तस्कर ने पुलिस पूछताछ में बिलासपुर से लाकर क्षेत्र में बेचने की बात कबूल की। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक एएसआई गणेश पाण्डेय गुरुवार की रात टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर निकले। इसी बीच किच्छा से गंगापुर रोड पर पुलिस को बाईक सवार भागने लगा। पुलिस को संदेह होने पर पुलिस ने पीछा करते हुए बाईक सवार को पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम विजय दास निवासी वार्ड सात शमशान घाट, शिवनगर ट्रांजिट कैम्प बताया। बरामद प्लास्टिक की पन्नी में रखे पदार्थ के सम्बंध में पकड़े गये व्यक्ति ने बताया कि इसमें स्मैक है और वह समैक बिलासपुर से फारुख नाम के व्यक्ति से लेकर आया। क्षेत्र के नशेड़ियों को पुड़िया बनाकर बेचने की भी बात बताई। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि पकड़े गए तस्कर से 10.25 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी है।

# 101 वर्षीय महिला मतदाता ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

मतदाता जागरूकता रथ को मुख्य विकास अधिकारी व नोडल अधिकारी स्वीप नैनीताल, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा तथा 101 वर्ष की मतदाता मजीदन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर मजीदन ने नए एवं भावी मतदाताओं से वोट अवश्य देने की अपील की। मतदाता जागरूकता रथ में गीतों के माध्यम से आने वाले



निर्वाचन चुनाव को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। जनपद नैनीताल के जिला आइकॉन मोहन चंद जोशी तथा सुप्रसिद्ध गायिका गुंजन जोशी के अतिरिक्त बाल कलाकार प्रणव कांडपाल तथा प्रशांत जोशी के द्वारा गाए हुए गीत को चुनाव रथ के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता रथ निर्वाचन तिथि तक नैनीताल जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में गीत, जिंगल व संदेश के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची में पंजीकरण व मतदान हेतु जागरूक करने का प्रयास करेगा।

## तीन को लगेगा आयुर्वेद का निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर



**हल्द्वानी।** तीन मार्च रविवार को आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं मेडिकल सुप्रीडेंट प्रो. डॉ विनय खुल्लर, नि:शुल्क आयुर्वेद का परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन करेंगे। शिविरप्रात: 10 बजे से 12.30 तक चलेगा। चिकित्सा शिविर ऑफिसर कॉलोनी केनाल रोड तिकोनिया, हल्द्वानी में आयोजित होगा। डॉक्टर खुल्लर ने बताया कि शिविर में निशुल्क जांचें होंगी।

# नेशनल चैंपियनशिप में पदक जीतकर रोशनी सोसाइटी का किया नाम रोशन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हाल ही में उत्तर प्रदेश के कानपुर में स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा पावरलिफ्टिंग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें देश भर के सभी राज्यों से दिग्गज खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता में स्पेशल ओलंपिक भारत उत्तराखंड के रोशनी सोसाइटी के आदित्य गुरुरानी व कोच योगेश गुरुरानी ने भी प्रतिभागी किया। आदित्य ने कुल मिलाकर पावर लिफ्टिंग ब्रांच ब्रेश में एक गोल्ड , शॉप में एक सिल्वर और डैड लिफ्ट में एक ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर के अपने अभिभावकों योगेश गुरुरानी व जया गुरुरानी , रोशनी सोसाइटी व उत्तराखंड का नाम रौशन किया। स्पेशल



ओलंपिक भारत एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल आयोजित करती है इसी के निमित्त दिनांक 25 फरवरी से 29 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के कानपुर में पावरलिफ्टिंग की राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें रोशनी सोसाइटी के आदित्य गुरुरानी नें भी प्रतिभाग किया । रोशनी सोसाइटी जो कि कुमाऊं का एकमात्र दिव्यांग बच्चों का अभिभावक संगठन है तथा निरन्तर बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु कार्य करता है ।

संस्था की अध्यक्ष व स्पेशल ओलम्पिक्स उत्तराखंड की सदस्या शिवानी पाल ने बताया कि आदित्य पहले भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई बार पदक जीत चुका है । बच्चों को यदि अच्छा माहौल व उचित मार्गदर्शन

**प्रतियोगिता**

- **खिलाड़ी का राष्ट्रीय स्तर पर बोलबाला**

मिले तो वे बहुत आगे तक जा सकते हैं । संस्था उपाध्यक्ष हेमा परगांई व सचिव गोविन्द मेहरा नें कहा कि उन्हें बेहद खुशी होती है जब हमारा कोई बच्चा इतना अच्छा परफॉर्म करता है तथा मुख्य धारा में जुड़ने के लिए अग्रसर होता है। आदित्य आने वाले समय में विश्व स्तरीय खेलों में प्रतिभाग करनें के लिए भी तैयार है । आदित्य के पिता व कोच योगेश गुरुरानी जो कि उत्तराखंड स्पेशल ओलम्पिक्स के सदस्य भी हैं , आदित्य की सफलता में उनका तथा परिवार का सहयोग प्रशंसनीय है । समस्त रोशनी परिवार आदित्य की इस सफलता पर गौरवान्वित है।